विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2018/2380 दिनांक : 20/12/18

प्रति,

प्राचार्य,
भारतीय महाविद्यालय,
माधव नगर, रेल्वे स्टेशन के सामने,
उज्जैन।

विषय :– विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 में निर्मित परिनियम क्रमांक 27 के प्रावधानान्तर्गत महाविद्यालय की सम्बद्धता एवं अस्थाई सम्बद्धता–निरंतरता प्रदान करने के संबंध में।

संदर्भ :– महाविद्यालय का ऑनलाईन आवेदन क्रमांक/VU1803260002,दिनांक 10.04.2018 एवं REN62000143, दिनांक 20.07.2018

उपरोक्त संदर्भित विषयान्तर्गत नवीन संकाय/नवीन विषय/सीट संख्या वृद्धि की जाने/संबद्धता/निरंतरता प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण समिति द्वारा 20.10.2018 को महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण समिति से प्राप्त अनुशंसा को विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 12.12.2018 में प्रस्तुत किया गया, जिसमें निर्णय लिया गया कि,"भारतीय महाविद्यालय,उज्जैन,में सत्र 2018–19 में महाविद्यालय की सम्बद्धता एवं बी.ए. (समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र,राजनीति विज्ञान,),बी.एससी.(कम्प्यूटर विज्ञान,गणित,भौतिकी/सांख्यिकी) (बॉयोटेक्नोलॉजी, प्राणिकी,रसायन),(माईक्रोबॉयोलॉजी,प्राणिकी,रसायन)(गणित,भौतिकी,रसायन/सांख्यिकी),बी.कॉम.(प्लेन/कम्प्यूटर ऐप्लिकेशन), बी.कॉम.(ऑनर्स),बी.बी.ए.,एम.कॉम.(वाणिज्य) पाठ्यक्रम की अस्थाई सम्बद्धता–निरंतरता तथा बी.ए.–तृतीय वर्ष (कम्प्यूटर ऐप्लिकेशन) अति.विषय की अस्थाई सम्बद्धता प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण समिति द्वारा प्रस्तुत अनुशंसा मान्य की गई। तदनुसार महाविद्यालय को सत्र 2018–19 में उपरोक्त विषयों की अस्थाई सम्बद्धता एवं सम्बद्धता–निरंतरता दो माह में निरीक्षण समिति द्वारा इंगित की गई कमियों की पूर्ति करने की शर्त पर सशर्त प्रदान की जाये।"

उक्त बैठक के निर्णय के अनुसरण में महाविद्यालय को निम्न विवरणानुसार सत्र 2018–19 से शर्तो के अधीन कार्यपरिषद् के अनुमोदन उपरांत में अस्थाई सम्बद्धता एवं सम्बद्धता–निरंतरता प्रदान की जाती है :–

<u>सम्बद्धता–निरंतरता हेतु</u> :– <u>सत्र 2018–19</u>

क्रं.	पाठ्यक्रम	सीट संख्या	
(1)	बी.ए.(समाजशास्त्र,अर्थशास्त्र,राजनीति विज्ञान,)	60	
(2)	बी.बी.ए.	40	
(3)	बी.कॉम.(ऑनर्स)	50	
(4)	बी.एससी.(कम्प्यूटर विज्ञान,गणित,भौतिकी/सांख्यिकी)	100	स्थाई सम्बद्धता प्राप्त
	(बॉयोटेक्नोलॉजी,प्राणिकी,रसायन)	40	
	(माईक्रोबॉयोलॉजी,प्राणिकी,रसायन)	40	
	(गणित,भौतिकी,रसायन/सांख्यिकी)	30	
(5)	बी.कॉम. (प्लेन)	150	
	(कम्प्यूटर ऐप्लिकेशन)	250	
(6)	एम.कॉम. (वाणिज्य)	70	

<u>आगामी कक्षा की सम्बद्धता हेतु</u> :–

क्रं.	पाठ्यक्रम	सीट संख्या
(1)	बी.ए.–तृतीय वर्ष(कम्प्यूटर ऐप्लिकेशन) अति.विषय	60

निरंतर...02

शर्ते :—01. विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 12.12.2018 में लिये गये निर्णय का पालन करना सुनिश्चित करें।

02. परिनियम क्रमांक 28 के अन्तर्गत वाणिज्य(स्नातक एवं स्नातकोत्तर पढाने हेतु) हेतु 04, कम्प्यूटर हेतु 02, रसायन हेतु 01, अर्थशास्त्र हेतु 01 एवं समाशास्त्र हेतु 01 शिक्षक का चयन अविलम्ब करवाया जाये।

03. छात्राओं हेतु कॉमन रूम जिसमें वाशरूम संलग्न हो बनवाया जाये।

04. कक्षाओं हेतु फर्नीचर की मरम्मत एवं पेंटिंग करवाई जाये अथवा नया फर्नीचर क्रय किया जाये।

* **उपरोक्त कमियों की पूर्ति दो माह में आवश्यक रूप से पूर्ण करें,अन्यथा सम्बद्धता पर पुनःविचार किया जावेगा।**

* **आगामी सत्र में उपरोक्त पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता–निरंतरता हेतु आवेदन मय शुल्क सहित एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से निश्चित समयावधी में करें।**

आदेशानुसार

कुलसचिव

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2018/2381 दिनांक : 20/12/18

प्रतिलिपिः—

1. आयुक्त,उच्च शिक्षा विभाग,म.प्र.शासन,भोपाल।
2. क्षेत्रिय अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा,उज्जैन संभाग,उज्जैन।
3. क्षेत्रिय निदेशक, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, मानस भवन, श्यामला हिल्स भोपाल।
4. निदेशक, महाविद्यालयीन विकास परिषद,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
5. प्राचार्य,शा. कालिदास कन्या स्नातकोत्तर(अग्रणी)महाविद्यालय,उज्जैन।
6. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव,परीक्षा/गोपनीय/लेखा विभाग,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
7. समन्वयक, ऑनलाईन सेल, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
8. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर की ओर प्रेषित कर सूचित है कि, उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
9. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।

की ओर सूचनार्थ।

अनुभाग अधिकारी(अकादमिक)